By E-Mail
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पण्डकी, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा- 244221

पत्रांक 2284 / न्यूज कटिंग / 91 दिनांक 19-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अमरोहा।

विषयः— **E-Paper Amarujala 19-05-2026 में प्रसारित न्यूज शीर्षक "रिकॉर्ड में टंकी चालू फौंदापुर, मझौला के लोगो को नहीं मिल रहा पानी" के निस्तारण के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (19.05.2026) में प्रसारित न्यूज कटिंग अधोहस्ताक्षरी को व्हाटस ऐप के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**


| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| **"रिकॉर्ड में टंकी चालू फौंदापुर, मझौला के लोगो को नहीं मिल रहा पानी"** | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 495 नग पेयजल योजनायें स्वीकृत है, जिनमें 884 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं। 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 200 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ जनपद में औसतन 95.56 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है। अवशेष सड़को की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।<br><br>➢ **ग्राम फौंदापुर (मजरा मझोला) पेयजल योजना** विकास खण्ड गजरौला में फर्म मै PNC-SPML (JV) Moradabad द्वारा कार्य कराये जा रहे हैं। योजना पर विद्युत बिल अवशेष होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा पेयजल योजना का विद्युत संयोजन काट दिया गया है, जिस कारण योजना पर पेयजलापूर्ति बाधित है। जिस हेतु खण्ड के पत्रांक 1781/SPML-Amroha/27, दिनांक 27.04.2026 द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित एवं विद्युत यांत्रिक खण्ड उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद को उक्त योजना पर विद्युत बिल जमा कराकर पेयजलापूर्ति सुचारू करने हेतु अनुरोध किया गया है। योजना पर विद्युत संयोजन पुर्नस्थापित होने के उपरान्त योजना पर पेयजलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। वर्तमान में योजना की प्रगति निम्नानुसार है– |


**GP- Faundapur, BLOCK- Gajraula**

| SL NO. | COMPONENET | Scope | Status |
|---|---|---|---|
| 1 | Tube well | 1 | Done |
| 2 | Pump House | 1 | Done |
| 3 | Over Head Tank | 75 kl /12 M | Done |
| 4 | Pipe Laying | 10074 m | 9938 m |
| 5 | FHTC | 493 | 481 |

D:News Cutting 2015/DM DIOS.etc

Scanned with CamScanner





भवदीय

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता(मु0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादबाद।
3— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
4— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमरोहा।
5— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
6— अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ कि प्रभावी अनुश्रवण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
7— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0 को प्रभावी अनुश्रवण करने हेतु।
8— डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमरोहा को समस्त योजनाओं के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने हेतु।
9— फर्म मै0 पी.एन.सी.—एस.पी.एम.एल. (जेवी) मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि उक्त योजना पर विद्युत बिल का भुगतान करते हुए विद्युत संयोजन पुर्नस्थापित करा कर ग्राम में नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

D:\News Cutting 2\4\DM. DIOS.doc

Scanned with CamScanner

Hindi News › Video › Uttar Pradesh › Amroha News › Records Show Water Tank Operational In Phaundapur

# रिकॉर्ड में टंकी चालू फौंदापुर, मझौला के लोगों को नहीं मिल रहा पानी

Vimal Sharma Updated Tue, 19 May 2026 08:27 PM IST

Add as a preferred source on google




जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने के लिए दो करोड़ 74 लाख रुपसे से बनाए गए ओवरहेड टैंक से न तो मझौला के लोगों को पानी मिल रहा है और न ही फौंदापुर के ग्रामीणों की प्यास बुझ रही है, जबकि जल जीवन मिशन के रिकॉर्ड में ओवरहेड टैंक से पानी मिल रहा है। दोनों गांवों के ग्रामीण अपने संसाधनों से प्यास बुझा रहे हैं।

Latest

Scanned with CamScanner